आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 10.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के साथ जोड़कर सुसंगत बनाया जाएगा।
- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने समूह–ग के 416 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया।
- आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में बागेश्वर जिले का कपकोट ब्लॉक उत्तराखंड में शीर्ष स्थान पर।
- मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में 13 अप्रैल तक आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

आधार कानून

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के साथ जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जब आधार कानून बनाया गया था, तब कानूनी ढांचे में कई कमियां थीं, लेकिन अब उनको दूर किया गया है। श्री वैष्णव ने आधार कानून के आधुनिक संस्करण पर बल देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव करने पर ध्यान दे रही है।

समूह–ग भर्ती परीक्षा

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने समूह–ग के 416 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इनमें पटवारी, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से 15 मई तक चलेगी, जबकि परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में 18 से 20 मई के बीच संशोधन का मौका दिया जाएगा। पदों के अनुसार शैक्षिक अर्हता और आयु सीमा की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन में दी गई है। आवेदन शुल्क सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 150 रुपये निर्धारित किया गया है। परीक्षा का सिलेबस भी विज्ञापन के साथ जारी कर दिया गया है।

तस्करी एवं कार्रवाई

रामनगर वन प्रभाग के केशरीपुर गांव में खैर के पेड़ों की अवैध कटान और तस्करी के मामलों को वन मंत्री सुबोध उनियाल ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित वन दरोगा, वन आरक्षी और उप वन क्षेत्राधिकारी को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया गया है। वन मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में खैर प्रजाति के पेड़ों का अवैध पातन और ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से लकड़ी की तस्करी गंभीर मामला है। इसमें क्षेत्रीय वन कर्मियों की संलिप्तता की संभावना को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। श्री उनियाल ने प्रमुख वन संरक्षक को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट भी शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सतपाल महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण अभियान को प्रदेश में सफल बनाने में सिंचाई विभाग ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सिंचाई विभाग अतिरिक्त जल को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी काम कर रहा है। वे देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग, के महाधिवेशन के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने विभाग के इंजीनियरों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में सौंग बांध और जमरानी बांध जैसी दो बड़ी परियोजनाओं का निर्माण सुचारु रूप से जारी है। श्री महाराज ने कहा कि विभाग द्वारा बनाए गए बड़े बांध, बैराज और जलाशयों से राज्य में बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली है। समारोह में सिंचाई मंत्री ने आश्वासन दिया कि विभाग में रिक्त कनिष्ठ अभियंताओं के पद जल्द भरे जाएंगे और भविष्य में विभागीय पुनर्गठन की स्थिति में पदों की कटौती नहीं की जाएगी।

अपर सचिव निरीक्षण

अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे ने टिहरी जिले के चम्बा विकासखंड के पलास और आराकोट ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य पोषित योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ लेने में ग्रामीणों को अगर कठिनाइयां आ रही हैं, तो इसके लिए वे संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं और अपने सुझाव भी दे सकते हैं।

श्री जोगदंडे ने अधिकारियों को समय–समय पर क्षेत्रों का भ्रमण कर, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनके निस्तारण के भी निर्देश दिए।

डेल्टा रैंकिंग बागेश्वर

बागेश्वर जिले के कपकोट ब्लॉक ने नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। डेल्टा रैंकिंग में कपकोट ब्लॉक, उत्तराखंड में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 40वें स्थान पर पहुंचा है। यह उपलब्धि क्षेत्र के समग्र विकास और प्रशासनिक प्रयासों का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि कपकोट ब्लॉक की यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह दर्शाता है कि जब प्रशासन और जनता मिलकर कार्य करते हैं, तो असंभव लगने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कपकोट ब्लॉक की इस उपलब्धि से प्रेरित होकर, अन्य विकासखंड भी अपने क्षेत्रों में विकास की गति को तेज़ करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। यह सफलता दर्शाती है कि सही दिशा में किए गए प्रयास और समर्पण से किसी भी क्षेत्र का विकास संभव है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सुधार के लिए कार्य किया जाता है। कपकोट ब्लॉक ने इन सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे यह रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त कर सका।

मौसम

प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम करवट बदल सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज से 13 अप्रैल तक बादल गरजने, आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रदेश के सभी जिलों में कहीं–कहीं 40 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इन तेज हवाओं और ओलों के कारण पेड़ गिरने, कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने और फसलों को क्षति होने की आशंका है। लोगों को सलाह दी गई है कि खराब मौसम के दौरान घरों में रहें, दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें और बिजली से चलने वाले उपकरणों से दूर रहें। साथ ही, खेतों में रखी फसल को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और वाहन खुले में खड़ा न करें। मौसम विभाग के अनुसार 14 अप्रैल से मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

हेली सेवा

उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम में गरुड़ गंगा के पास हेलीपैड में उड्डयन विभाग के हेलीकॉप्टर ने कुशल लैंडिग की है। वही पंडा पुरोहित समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम में हेलीसेवा से तीर्थयात्रियों की संख्या में इजाफा होगा और श्रद्धालु, यमुनोत्री धाम के दर्शन आसानी से कर पाएंगे।

महावीर जयंती

24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है। यह जैन समुदाय के सर्वाधिक पवित्र दिनों में से एक है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनांए दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश प्राणी मात्र के प्रति दया और समरसता की भावना को बढ़ावा देता है। समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शान्ति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम एवं आत्मसंयम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दी गई शिक्षा समाज में नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली है।